भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +1363

सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत अनुमोदित पर्यटन संबंधी परियोजनाएं

+1363. डॉ. अमर सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंजाब में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना को पहला चरण पूरा होने के पश्चात दूसरी किस्त की राशि मिल गई है यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कोविड-19 लॉकडाउन अवधि के दौरान निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के आलोक में विकास परियोजनाओं का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है या रुका हुआ है;

(ग) क्या सरकार श्री फतेहगढ़ साहिब को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल करने के प्रस्ताव से सहमत है यदि हां तो आवेदन प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान श्री फतेहगढ़ साहिब को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों, यदि कोई है तो ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत वर्ष 2018-19 में 91.55 करोड रुपए की राशि से पंजाब में 'आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब- चमकौर साहिब- फिरोजपुर- अमृतसर- खटकर कलां –कलानौर- पटियाला का विकास की एक परियोजना को स्वीकृति दी है, जो कार्यन्वयन के विभिन्न चरणों मे है, मंत्रालय ने परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी; पंजाब धरोहर और पंजाब पर्यटन संवर्धन बोर्ड (पीएचटीपीबी) को प्रथम किस्त के रूप में 23.83 करोड रुपए जारी कर दिए हैं। योजना दिशा निर्देशों के अनुसार, अगली किस्त के रूप में 17.16 करोड रुपए जारी किए जा चुके हैं।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत उपरोक्त परियोजना में फतेहगढ़ साहिब पर विभिन्न घटकों का विकास शामिल है।

****